गोपनीय / आवश्यक / समयबद्ध

गोपनीय / आवश्यक / समयबद्ध

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
वाराणसी, जौनपुर, चन्दौली, आजमगढ़, सन्तकबीर नगर, अम्बेडकरनगर, जालौन, बदायूं, मुजफ्फरनगर एवं मथुरा।

पत्रांक सं0प0शि0 / प्रा0प0शि0–25 / 2733-38 / 2025–26 दिनांक 22 अप्रैल, 2025

**विषय : उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की इन्टर्नशिप आयोजित कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं जून 2025 के द्वितीय सप्ताह से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर में दो सप्ताह का इन्टर्नशिप कराया जाना है जिसमें उस सेमेस्टर के विषय वस्तु के प्रैक्टिकल चैप्टर सीखे जायेंगे। किसी अनुभवी संस्थान अथवा विषय विशेषज्ञ के पर्यवेक्षण में सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा इन्टर्नशिप की व्यवस्था की जायेगी। इन्टर्नशिप निम्नांकित पाठ्यक्रमों में सम्पन्न करायी जानी है–

1. पौरोहित्य (कर्मकाण्ड)
2. व्यावहारिक वास्तुशास्त्र
3. व्यावहारिक ज्योतिष
4. योग विज्ञान

इन्टर्नशिप में किये जाने वाले कार्य निम्न प्रकार होंगे–

क. अनुभवी अध्यापकों द्वारा किये गये कार्यों का अवलोकन कर सीखना।
ख. इन्टर्नशिप में सीखे गये कार्यों का अभिलेखीकरण करना।
ग. अनुभवी अध्यापकों के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में व्यावहारिक अनुभव।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम के इन्टर्नशिप हेतु पूर्णांक 100 निर्धारित हैं। इन्टर्नशिप में छात्रों द्वारा किये गये कार्यों का मूल्यांकन विद्यालय द्वारा किया जायेगा। इन्टर्नशिप में अर्जित अंक 31 मई 2025 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से संस्था प्रधान द्वारा सचिव संस्कृत शिक्षा परिषद को निर्धारित प्रारूप पर सील्ड लिफाफे में प्राप्त कराये जायेंगे।

इन्टर्नशिप हेतु 11 मई से 25 मई 2025 की अवधि निर्धारित की जाती है। अतः सम्बन्धित विद्यालयों को इस सम्बन्ध में निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

पृ0सं0 सं0प0शि0 / प्रा0प0शि0–25 / 2733-38 / 2025–26 दिनांक उक्तवत्।

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश,लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक(मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, 18–पार्क रोड, लखनऊ।
3. संयुक्त शिक्षा निदेशक, सम्बन्धित मण्डल।
4. उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं, कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक सम्बन्धित मण्डल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे जनपद के सम्बन्धित विद्यालय/विद्यालयों से तत्काल सम्पर्क स्थापित कर इन्टर्नशिप का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करते हुए इन्टर्नशिप आयोजित कराने की कार्यवाही सम्पन्न करायें।
5. प्रधानाचार्य सम्बन्धित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि वे विद्यालय के छात्रों की इन्टर्नशिप निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए निर्धारित समयान्तर्गत इन्टर्नशिप के अंक परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।